हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 30 अक्टूबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

राज्योत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

4



## खबर संक्षेप

### चांपा थाना द्वारा एकता के लिए दौड़ का आयोजन कल

**चांपा।** भारत के लौह पुरुष तथा प्रथम केन्द्रीय गृह मंत्रीसरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता के प्रतीक के रूप में राष्ट्र भर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत स्थानीय चांपा थाना परिवार द्वारा गुरुवार 31 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से परशुराम चौक गौरव पथ से थाना परिसर के समक्ष स्थित शहीद स्मारक तक रन फॉर यूनिटी यानि एकता के लिए दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। नगर निरीक्षक जे.पी.गुप्ता ने नागरिकों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक, स्वयंसेवी, सुरक्षा समितियों सहित विभिन्न धर्म, जाति एवं समुदायों के लोगों के अलावा छात्र-छात्राओं से कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का अनुरोध किया है।

### चांदी पहाड़ नवागांव गौशाला में गोपाष्टमी का आयोजन आज

**चांपा।** समीपस्थ ग्राम नवागांव स्थित चांदी पहाड़गौशाला में गुरूवार 30 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से गोपाष्टमी का पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जायेगा। तय कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे से गौ पूजन के बाद गौ भक्तों का सम्मान किया जायेगा। इसके बाद भोजन प्रसाद का आयोजन रखा गया है। चांदी पहाड़ गौशाला सेवा समिति ने क्षेत्र के गौ प्रेमियों से आयोजन में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### कृष्ण गौशाला नैला में 30 को मनेगा गोपाष्टमी कार्यक्रम

**जांजगीर-चांपा।** श्री कृष्ण गौशाला नैला में गोपाष्टमी पर 30 अक्टूबर गुरूवार को गौ माता की सेवा, गौ पूजा, गौ परिक्रमा का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश पालीवाल ने बताया कि श्री धर्म सेवा समिति द्वारा संचालित श्री कृष्ण गौशाला नैला में गोपाष्टमी पर्व के उपलक्ष्य पर 30 अक्टूबर की सुबह गौमाता की पूजा अर्चना का आयोजन किया गया है, जिसके बाद गौ सेवा एवं गौ माता की परिक्रमा की जायेगी। गोपाष्टमी के दिन गौमाता की पूजा के साथ आस्था एवं आकर्षण का केन्द्र रहेगा। गोपाष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाने को लेकर पूरे गौशाला परिसर में विशेष साफ सफाई कराने के बाद रंग रोगन कराया गया है। श्रीराम कृष्ण गौशाला समिति ने नगर एवं क्षेत्र के गौसेवको सहित नगरवासियों को श्री कृष्ण गौशाला पहुंचकर गौ पूजन करने के साथ ही गौसेवा, गौ परिक्रमा में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है।

### रामलला एवं काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जिले से श्रद्धालुओं का दल रवाना

**जांजगीर-चांपा।** राज्य शासन द्वारा श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में भगवान रामलला तथा भगवान काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन कराने हेतु संचालित श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना के अंतर्गत बुधवार को जिले से श्रद्धालुओं का दल रवाना हुआ। इस योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को निःशुल्क यात्रा, दर्शन, आवास, भोजन और सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजनांतर्गत खोखरा से जिले के कुल 187 श्रद्धालुओं को लेकर बस अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के लिए रवाना हुई। यह बस जिले के श्रद्धालुओं को बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक ले जाएगी, जहाँ से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष जांजगीर-नैला श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, नगर पालिका जांजगीर-नैला उपाध्यक्ष मोहन यादव, पार्षदगण सहित जनप्रतिधियों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी जनप्रतिनिधियों ने रामलला दर्शन योजना की सराहना की।

विभिन्न निर्माण कार्यों में अनियमितता, शहर विकास को अवरूद्ध करने का आरोप

# आक्रोश रैली निकालकर पालिका पहुंचे कांग्रेसी, गेट पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

शहर सरकार पर नगर विकास के कार्यों में अवरूद्ध करने के साथ अनियमितता और गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने मोर्चा खोल दिया है। विधायक के साथ वरिष्ठ पदाधिकारियों के नेतृत्व में युवक कांग्रेस और पार्षदों की आक्रोश रैली पालिका पहुंची। यहां मुख्य द्वार पर ताला लगाकर जमकर नारेबाजी हुई। तत्पश्चात एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

बुधवार 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कांग्रेस नेताओं के साथ कार्यकर्ता कचहरी चौक पर इकट्ठा हुए। यहां से आक्रोश रैली निकाली गई। कांग्रेसियों की रैली मुख्य मार्ग से होते हुए नगर पालिका पहुंची। पालिका पहुंचने के बाद कांग्रेस नेताओं ने नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और वहीं पोर्च पर बैठ गए। इस दौरान विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि नगर पालिका अनियमितता और गड़बड़ी का अड्डा बन गया है। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत कार्यों के अलावा कोई भी नए कार्यों की स्वीकृति नहीं हुई है। स्वीकृत कार्यों को करने में भी अनियमितता और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारियों व ठेकेदारों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए शहर विकास में रोड़ा अटकाने और मनमानी करने का आरोप लगाया। उपस्थित नेताओं ने पालिका में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए गणवेश खरीदी, हमर चौपाटी निर्माण कार्य में अनियमितता की जांच, एक पेड़ मां के नाम पर निकाली गयी राशि की जांच, बीडीएम गार्डन से पुराना अस्पताल तक डिवाइडर में नगरपालिका कर्मचारियों से कराये गये रंग रोगन का भुगतान ठेकेदार के नाम पर किये जाने जैसे आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग रखी। इसके साथ ही नगर के प्रमुख हाईस्कूल खेल मैदान के उन्नयन, नैला रेल्वे फ्लाई ओव्हर का निर्माण, लंबित जल आवर्धन का कार्य पूर्ण करने, नगर में 132 केव्ही विद्युत स्टेशन खोले जाने, भीमा तालाब के स्थायी जल भराव के लिए नाली निर्माण, नगर में जाने की मांग संबंधी ज्ञापन कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी सुब्रत प्रधान को सौंपा। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार, जिला युकां अध्यक्ष एवं पालिका में नेता प्रतिपक्ष प्रिंस शर्मा, विवेक सिसोदिया, उपाध्यक्ष रफीक सिद्दिकी, श्रीमती हेमलता राठौर, गिरधारी यादव, मुस्कान परवीन, वर्षा सिंह राजपूत, मनोरमा पाटेकर, भोलू मितेश यादव, परमेश्वर निर्मले, आकाश तिवारी, महेन्द्र कश्यप, सौरभ सिंह, धीरज सिंह बैस, राजा खान, डॉ. शरीफ, विजय ग-सजवेवाल, संतोष बोबई, चन्द्रप्रकाश ओग्रे भाकू, मिथुन राठौर, बबला महाराज, शांतिलाल साहू आदि उपस्थित थे।



पालिका घेराव करने जाते कांग्रेसी।


पालिका में तालाबंदी कर धरने पर बैठे विधायक सहित कांग्रेसी।

### पामगढ़ में एसडीएम कार्यालय का घेराव

किसानों की समस्याओं को लेकर पामगढ़ में कांग्रेसियों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान समस्याओं के निराकरण और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। बुधवार 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे विधायक के साथ पामगढ़ ब्लाक के कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। इस दौरान उन्होंने किसानों के धान खरीदी रकबा में कटौती, एग्रीस्टेक किसान पोर्टल और आईडी पंजीयन में परेशानी सहित अन्य मांगों को लेकर सरकार की नीतियों का जमकर विरोध किया। इसके पश्चात किसानों की समस्याओं के निराकरण और मांगों के संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

# वन अमले को खूब छका रहा तेंदुआ

कैमरे में ही नजर आ रही गतिविधि, नहीं मिल रहे प्रमाण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

अटल बिहारी वाजपेई ताप विद्युत परियोजना क्षेत्र मडवा में तीसरे दिन भी तेंदुआ की खोजबीन जारी रही। सुरक्षा को लेकर वन विभाग की टीम प्लांट परिसर के आसपास मुस्तैद है। साथ ही साथ आसपास के गांवो में सुरक्षा को लेकर मुनादी कराई गई है।

ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय जांजगीर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मडवा में अटल बिहारी वाजपेई ताप विदयुत गृह का संचालन किया जा रहा है। सोमवार 27 अक्टूबर को प्लांट परिसर के आसपास तेंदुआ होने की जानकारी मडवा पावर प्लांट में कार्यरत सुरक्षा कर्मियो को मिली तो इसकी सूचना उन्होंने प्लांट प्रबंधन सहित वन विभाग की टीम को दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम पिछले तीन दिनो से तेंदुऐ की धड़पकड को लेकर मस्तैद हो गई है। तीन दिनो से वन विभाग की टीम के द्वारा तेंदुए की धड़पकड को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 29 अक्टूबर को भी वन विभाग की टीम द्वारा तेंदुऐ की तलाश की गई। बताया जा रहा है प्लांट परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से तेंदुआ की गतिविधियां नजर आ रही है। वन विभाग के द्वारा तेंदुए की हर गतिविधियो पर नजर रखी जा रही है। पिछले तीन दिनो से तेंदुआ वन विभाग की टीम को छका रहा है।



### आधा दर्जन गांवों में आवाजाही प्रभावित

मडवा पावर प्लांट परिसर के आसपास तेंदुआ होने के बाद आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांवों में मुनादी कराई गई है। मडवा, बसंतपुर, केनामाठा, करमंदी, मदनपुर व तेंदुभांठा सहित आसपास के गांवो में लोगो की सुरक्षा को लेकर मुनादी कराई गई है। साथ ही साथ इन गांवो में इन दिनो लोगो की आवाजाही पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। सुबह एवं शाम के दौरान लोगो को अकेले नही चलने की सलाह भी दी गई है। तेंदुआ के डर के मारे कई लोग आने जाने के लिए मडवा मार्ग के बजाय अन्य रास्तो का उपयोग कर रहे है।

### जारी है खोजबीन

मडवा प्लांट परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में तेंदुआ होने की गतिविधियां नजर आ रही है। तीन दिनो से वन विभाग की टीम को तेंदुआ पकडने मुस्तैद किया गया है। साथ साथ लोगो की सुरक्षा को लेकर आसपास के गांवो में मुनादी कराई गई है।

-होरेश शर्मा,
एसडीओ, वन मंडल चांपा

# जांजगीर-चांपा में कल होगी जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक, रबी फसल को लेकर लिए जाएंगे अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जिले में खरीफ की फसलें अब पककर तैयार हो चुकी हैं, वहीं किसानों की नजर अब रवि फसल की तैयारी पर टिकी हुई है। हालांकि अब तक रवि फसल को लेकर कोई ठोस कार्यक्रम तय नहीं हुआ था, जिससे किसानों में दुविधा की स्थिति बनी हुई थी।

हरिभूमि द्वारा इस विषय को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद जल संसाधन विभाग हरकत में आया है और अब 31 अक्टूबर को जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आहूत की गई है।बैठक शुक्रवार, 31 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इसमें खरीफ सिंचाई की समीक्षा के साथ-साथ आगामी रवि सिंचाई कार्यक्रम 2025 पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही खाद और बीज की उपलब्धता, सिंचाई जल वितरण की रूपरेखा और किसानों की समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।सचिव, जिला जल उपयोगिता समिति एवं कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर ने जिले के कृषक संगठनों और प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव दें, ताकि रवि फसल के लिए कारगर सिंचाई और संसाधन प्रबंधन योजना तैयार की जा सके।कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि खरीफ के बाद रवि फसल की तैयारी समय पर शुरू होना आवश्यक है, क्योंकि विलंब की स्थिति में फसल उत्पादन पर असर पड़ सकता है। ऐसे में यह बैठक किसानों के लिए अहम साबित होगी, जहां सिंचाई और खाद-बीज आपूर्ति के ठोस निर्णय लिए जाने की संभावना है।




रबी के लिए पानी देने के निर्णय में हो रही देरी, असमंजस में किसान

# गेमन पुल में फिर लगा जाम, लोग परेशान, स्थिति सुधारने प्रशासन का नहीं ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ -चांपा

चांपा को जांजगीर शहर से जोड़ने वाला गेमन पुल इन दिनों बार-बार लगने वाले जाम से राहगीरों को परेशान कर रहा है। पिछले दिनों संपन्न नवरात्रि एवं दीपावली पर्व के दौरान हुए लंबे जाम के बाद बुधवार 29 अक्टूबर की शाम 6 बजे से गेमन पुल के बीच में एक पिकअप वाहन के बिगड़ने के कारण पुनः आधे घंटे का जाम लग गया।

इस जाम से पुल के दोनों छोर पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से आवश्यक कार्य से निकले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम को हटाकर नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल का अभाव होने से स्थिति काफी देर तक बिगड़ी रही। करीब पांच दशक पुराना गेमन पुल इन दिनों बार-उंचयबार जाम लगने की समस्या से हलाकान है। पिछले दिनों ही नवरात्रि एवं दीपावली पर्व के दौरान अनेक बार यहां जाम की स्थिति निर्मित हुई है। इसके बाद भी प्रशासन द्वारा यहां व्यवस्था बनाने पुलिस बल की तैनाती नहीं किए जाने का परिणाम यह हुआ है कि बुधवार 29 अक्टूबर को शाम 6 बजे से लेकर 6.30 बजे तक गेमन पुल पर एक पिकअप वाहन के बिगड़ जाने से जाम की नौबत आ गई। जाम को हटाने पुलिस बल के अभाव में लोगों को स्वयं ही किसी तरह यातायात व्यवस्थित करना पड़ा। जाम के दौरान उन लोगों को सर्वाधिक परेशानी का सामना करना पड़ा जो किसी आवश्यक कार्य से घर से चार पहिया या दो पहिया वाहन से निकले थे। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 1 नवम्बर को छ.ग. राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर प्रस्तावित रायपुर आगमन के कारण जिले से भी बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है, इसके चलते स्थानीय समस्याओं के निदान हेतु यहांपुलिस बल की कमी हो गयी है।



### पीएम आवास तहत सामूहिक गृह प्रवेश 1 नवंबर को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के हजारों हितग्राहियों को एक साथ अपने सपनों का गृह में प्रवेश मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पूरे प्रदेश में 1 नवम्बर को सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह नवा रायपुर, अटल नगर में आयोजित होगा।

# बाइक की चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

बाइक की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बृन्दा प्रसाद सांडे निवासी सरईश्रृंगार दीपक चोरी थाना बलौदा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसने 27 अक्टूबर को मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक सीजी -11- बीएम -8670 को अंग्रेजी शराब दुकान बलौदा के पास खड़ी किया था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया की रिपोर्ट पर थाना बलौदा में धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर सूचना मिला कि अनिल धनुवार बाइक को बेचने के फिराक में घुम रहा है। उक्त बाइक के संबंध में पूछताछ करने पर कागजात नहीं होने की जानकारी दी। आरोपी ने उक्त बाइक को अंग्रेजी शराब दुकान बलौदा के पास से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का पर्याप्त सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में बलौदा पुलिस का योगदान रहा।



लोगों की सेहत पर भी प्रतिकूल प्रभाव, अस्पतालों में बढ़ रही मरीजों की भीड़

# बदला मौसम का मिजाज, धान की फसल पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पिछले दो-तीन दिनों से जांजगीर चांपा जिले में मौसम का मिजाज बदला नजर आ रहा है। चक्रवाती तूफान मोंथा के चलते जहां धान की फसलों को नुकसान हो रहा है वहीं इसका असर लोगों के सेहत पर भी पड़ रहा है जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की भीड़ देखी जा रही है।

ज्ञात हो कि जांजगीर चांपा सहित अन्य जगहों पर पिछले दो-तीन दिनों से मौसम का मिजाज कुछ बदला हुआ नजर आ रहा है। बंगाल से उठे चक्रवर्ती तूफान मोंथा का असर छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित जांजगीर चांपा जिले में भी देखने को मिल रहा है। जिसके चलते इसका असर धान की फसलों पर पड़ रहा है। कुछ दिनों के बाद धान के फसलों की कटाई होने वाली है। वही मौसम परिवर्तन के चलते कृषकों की दिक्कतें बढ़ गई है। किसानों को धान के फसल नुकसान होने का डर सता रहा है चक्रवर्ती तूफान के चलते खेतों में लगी धान की फसल खराब हो रही है इस तरह की स्थिति विगत दो-तीन दिनों से बनी हुई है बुधवार 29 अक्टूबर को जांजगीर चांपा जिले में भी कुछ इसी तरह की स्थिति देखने को मिली। चक्रवर्ती तूफान के कारण नवागढ़ बलौदा पामगढ़ अकलतरा शिवरीनारायण समेत अन्य जगहों पर लगाई गई धान की फसल को नुकसान पहुंच रहा है इधर मौसम परिवर्तन के चलते धान खरीदी की तैयारी में लगे समिति प्रबंधकों को भी परेशानी हो रही है जहां पर समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जानी है उसे स्थल पर बिजली पानी भूसा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था की जानी है लेकिन बूंदाबांदी एवं तेज हवाओं के कारण इसका असर धान खरीदी तैयारी पर भी देखने को मिल रहा है। मौसम परिवर्तन के चलते जिला अस्पताल जांजगीर सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी इन दोनों मरीजों की अधिक भीड़ देखने को मिल रही है। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में रोजाना करीब 500 के आसपास मरीज ऑनलाइन पंजीयन करने के बाद ओपीडी में अपना उपचार भी कर रहे हैं। जिला अस्पताल में इन दोनों मौसम परिवर्तन के चलते सर्दी खांसी जुकाम बुखार से प्रभावित मरीज बढ़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में भी इसी तरह की स्थिति बने रहने का अनुमान है। इसी तरह की भीड़ जिला अस्पताल के अलावा पामगढ़, नवागढ़, अकलतरा बलौदा आदि जगहों के सामुदायिक एवं प्राथमिक एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में भी इन दोनों मरीजों की काफी भीड़ देखने को मिल रही है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लोगों को मौसम परिवर्तन के दौरान अधिक सतर्क रहने कहा गया है।


जिला अस्पताल में उपचार कराने पहुंचे लोग।

# अवैध रूप से नशीली टेबलेट बिक्री करने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नशीली टेबलेट की बिक्री करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके कब्जे से 4320 नग नशीली टेबलेट जब्त की गई है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर व सायबर टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर केरा रोड पुलिस पेट्रोल पंप के पास जांजगीर के पास आरोपी सन्नू कश्यप निवासी ग्राम मुड़पार थाना नवागढ़ को पकड़ा था जिसके कब्जे से कुल 4320 नग नशीली टेबलेट कीमती 42 हजार 768 रुपए बरामद किया गया जाकर विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड में भेजा जा चुका है। प्रकरण के आरोपी साथी बाबा उर्फ संतोष सूर्यवंशी निवासी कोसमंदा थाना चांपा जो घटना दिनांक से फरार था, जिसको मुखबिर सूचना से पकड़ा जिसके कब्जे से नशीली टेबलेट 320 नग कीमती 3168 रुपए बरामद किया जाकर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



## खबर संक्षेप

### 11 हाथियों ने कोरिया तो 31 ने किया छाल का रूख

**कोरबा।** जिले के कटघोरा एवं कोरबा वनमंडल में सक्रिय हाथियों ने अब अन्य वनमंडलों में जाना शुरू कर दिया है। जहां कटघोरा वनमंडल के केंदई एवं पसान रेंज में मौजूद 54 हाथियों में से 11 हाथियों का झुण्ड अलग होकर कोरिया डिविजन का रूख कर लिया। वहीं कोरबा वनमंडल के करतला रेंज अंतर्गत बड़मार सर्किल में विचरण कर रहे 31 हाथियों का झुण्ड अब रायगढ़ जिले के छाल रेंज पहुंच गया है। हाथियों के झुण्ड ने विगत दो दिनों के दौरान क्षेत्र को छोडन्ना शुरू किया और छाल रेंज में जाने के बाद एक साथ मिलकर विचरण शुरू कर दिया है।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आज

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 30 अक्टूबर को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से नियोजक सिटी डेंटल केयर तथा इन्फोटेक इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, रायपुर के द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। जिनमें डेंटल स्टाफ, रिसेप्शनिस्ट, सोशल मीडिया हैंडलिंग, टेक्निशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्स एक्जक्यूटिव, टीम मैनेजर, प्रोडक्ट एडवाईजर (ग्राम पंचायत) पदों हेतु 244 रिक्त पदोंके लिए, आयुसीमा- 18 वर्ष से 45 वर्ष तक एवं योग्यता 10वीं से स्नातक, पीजीडीसीए, कार्यस्थल कोरबा, वेतनमान रूपये 6 हजार से 15 हजार तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने हेतु आवेदकों का रोजगार पंजीयन एवं ईरोजगार पोर्टल में इच्छुक पदों पर ऑनलाईन अप्लाई किया जाना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक/आवेदिकाएं उक्त तिथि को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक उपस्थित होकर अपने योग्यतानुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### एचआइवी एड्स व रक्तदान जागरूकता हेतु रैली

**कोरबा।** कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब के संयुक्त आयोजन में ग्राम भादा में एचआईवी एड्स जागरूकता हेतु रैली तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशन तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने ग्राम भादा के में घर-घर जाकर एचआईवी एड्स के कारण, लक्षण, सावधानी तथा बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान की। रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी वाय के तिवारी ने युवाओं से कहा कि वे देश का भविष्य है उनकी सकारात्मक सोच तथा पराक्रम विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए परम-आवश्यक है अतः हमें एड्स जैसी गंभीर बीमारियों के कारण, संक्रमण तथा रोकथाम की जानकारी हो।

### मेगा कैम्प में 10 वर्ष से निष्क्रिय 37 खातों की हुई पहचान

**कोरबा।** वित्तीय सेवा विभाग एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार आपकी पूँजी आपका अधिकार के अंतर्गत वित्तीय विभागों में 10 वर्षों से अधिक निष्क्रिय एवं दावा रहित डीईएएफ खातों के सक्रिय एवं त्वरित निपटान हेतु शुक्रवार 24 अक्टूबर को सियान सदन, घंटाघर - बुधवारी रोड कोरबा में वृहत कैम्प का आयोजन लीड बैंक कार्यालय, भारतीय स्टेट बैंक कोरबा के द्वारा किया गया। इस कैम्प में विशेष रूप से सभी बैंकों, भारतीय जीवन बीमा एवं एस बी आई लाइफ के द्वारा इस मुहीम को सफल बनाने का सार्थक प्रयास किया गया। इस कैम्प में भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, केनरा बैंक, बैंक ऑफ़ इंडिया, यूको बैंक, बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, पंजाब - सिंध बैंक, एच डी एफ सी बैंक, आई सी आई सी आई बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम एवं एस बी आई लाइफ इन्सयूरेंस के 37 खातों की पहचान कर 41.31 लाख रूपये का भुगतान किया गया। इस कैंप में भारतीय स्टेट बैंक लीड बैंक मैनेजर के साथ क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक श्री मृत्युंजय वर्मा, आई टी आई रामपुर शाखा के मुख्य प्रबंधक श्री रामेश्वर कुमार, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री आशीष कुमार सिंह एवं जिला पंचायत कार्यालय के डीपीएम श्री चिराग ठक्कर उपस्थित थे।

# रेलवे ट्रैक के नीचे की पाइप लाइन शिफ्टिंग नहीं होने से लटका अंडरपास का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रशासन और रेलवे की बराबर की साझेदारी से कोरबा में पहली रेल अंडरपास संजय नगर क्षेत्र में बना है प्राथमिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई है लेकिन पाइपलाइन शिफ्टिंग के लिए रेलवे की अनुमति नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य शुरु होने में देरी हो रही है।

लगभग 31 करोड रुपए की लागत से रेल अंडरपास का निर्माण कोरबा के संजय नगर क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग इलाके में होना है। जिला खनिज न्यास और रेलवे ने कुल लागत की आधी आधी राशि देना तय किया और इस प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया। निर्माण कार्य के लिए छत्तीसगढ़ सेतु निगम की इकाई को अधिकृत किया गया है जिसके द्वारा इस कार्य का टेंडर प्रक्रिया में लाया गया है।

### अनुमति के लिए निगम ने लिखा है रेलवे को पत्र

**खास बातें**
- रेलवे और डीएमएफ से मिली है निर्माण के लिए राशि
- पीडब्ल्यूडी विभाग ने स्थल का किया है निरीक्षण



निर्माणाधीन क्षेत्र के आसपास लंबे समय से निवासरत लोगों को लगभग 9 करोड रुपए का मुआवजा बांट दिया गया है। इनमें से अब कुछ ही मामले हाईकोर्ट में विचाराधीन है जिनका निराकरण जल्द होना है। छत्तीसगढ़ सेतु निगम के कोरबा स्थित सब डिवीजन ऑफिसर ने बताया कि पहले ही निर्माण कार्य की निविदा लगाई जा चुकी है। बिड के स्तर पर प्रक्रिया की जा रही है। नगर निगम के जल प्रदाय विभाग के प्रमुख राकेश मसीह ने बताया कि लगभग 1 करोड़ 65 लख रुपए की लागत से रेल अंडर पास के आसपास की वाटर सप्लाई पाइपलाइन की शिफ्टिंग का अधिकांश काम पूरा कर लिया गया है। सबसे बड़ा अड़ंगा रेलवे ट्रैक के नीचे के हिस्से से पाइपलाइन को शिफ्ट करने का बचा हुआ है। रेलवे के पास बहुत पहले इस बारे में आवेदन दिया गया था लेकिन उसकी ओर से अब तक अनुमति प्राप्त नहीं हुई है और सिर्फ इस कारण से शिफ्टिंग का एक हिस्सा बचा हुआ है।

## जिले में पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 4 हजार क्विंटल कम होगी खरीदी

# पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष घट गया धान खरीदी का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पहली बार जिले में धान खरीदी का लक्ष्य बीते वर्ष की तुलना में 4603 क्विंटल घट गया है। बीते वर्ष खरीदी का लक्ष्य 3 लाख 16 हजार 567 मिट्रिक टन था। इस वर्ष 3 लाख 11 हजार 964 मिट्रिक टन रखा गया है। खरीदी को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियां पूर्ण करते हुए संवेदनशील धान खरीदी केंद्रों का चिन्हांकन भी कर लिया गया है।

**खास बात**
- सभी केन्द्रों में खरीदी की तैयारी की गई पूरी

जिले में 15 नवंबर से शुरु होने वाले धान खरीदी के संबंध में जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली है। विभागीय अधिकारियों की बैठक के दौरान सभी समितियों में खरीदी के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई। साथ ही खरीदी में गड़बड़ी रोकने के लिए हर स्तर पर जिला प्रशासन के द्वारा निगरानी रखने के लिए टीम बनाई जा रही है। बैठक के दौरान पिछले वर्ष की खरीदी का आंकड़ा और पंजीयन भी देखा गया। उस रिपोर्ट के आधार पर 19 उपार्जन केंद्रों को पहले ही संवेदनशील केंद्रों में घोषित कर दिया गया है। जबकि अधिक धान की खरीदी करने वाले उपार्जन केंद्र भी निगरानी में रखे गए हैं। बाहर से आने वाले धान को रोकने के लिए तैयारियां भी चल रही है। ऑनलाइन खरीदी के रिकार्ड तैयार किए जाएंगे। 31 अक्टूबर तक खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि तय की गई थी। अब तक 48 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। इस बार पंजीयन उन्हीं किसानों का किया गया है जिनका एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन हुआ है। इसके लिए शासन स्तर से पहले ही निर्देश जारी कर दिए गए थे।



फाइल फोटो

### जिला व खण्ड स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण का होगा आयोजन

कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता एवं अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत 30 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित होगी। जिसमें सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, उप पंजीयक सहकारी संस्थान, उप संचालक कृषि, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, मंडी सचिव कृषि उपज मंडी, सर्व नोडल अधिकारी धान उपार्जन केंद्र, सर्व समिति प्रबंधक व फड़ प्रभारी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रशिक्षण में शामिल होंगे। इसी प्रकार 31 अक्टूबर को सभी अनुविभाग स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित होगी। जिसमें सम्बंधित अनुविभाग स्तर के तहसीलदार/ नायब तहसीलदार , अनुविभाग अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारी, राजस्व निरीक्षक/पटवारी, जिला विपणन कार्यालय व कृषि उपज मंडी के अधिकारी/कर्मचारी, अनुविभाग क्षेत्र के शाखा प्रबंधक / पर्यवेक्षक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, संबंधित अनुविभाग क्षेत्र के सभी सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष, प्रबंधक, फड़ प्रभारी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल होंगे। बैठक सह प्रशिक्षण में धान खरीदी केन्द्रो में चेकलिस्ट अनुसार आवश्यक व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी दी जाएगी।

### 3 लाख 11 हजार 964 मैट्रिक टन लक्ष्य

धान खरीदी के लिए हर वर्ष जिले को लक्ष्य मिलता है। इस वर्ष बीते वर्ष की तुलना में कम लक्ष्य मिला है। पिछले वर्ष 3 लाख 16 हजार 567 मिट्रिक टन का लक्ष्य था। इस वर्ष 3 लाख 11 हजार 964 मिट्रिक टन का लक्ष्य मिला है। इस दृष्टि से पिछले वर्ष से कम लक्ष्य धान खरीदी का मिला है।

**-जमाल खान,** सुपरवाईजर जिला सहकारी बैंक

### बारदाने की व्यवस्था की गई है

धान खरीदी के लिए सभी उपार्जन केंद्रों में बारदाने का भंडारण किया जा रहा है। 15 हजार 598 गठान की आपूर्ति कर दी गई है। खरीदी के दौरान कहीं भी बारदाने की कमी नहीं होने दी जाएगी। कुल बारदानों में 50 प्रतिशत नया बारदाना और 50 प्रतिशत पुराना बारदाना का उपयोग होता है।

**-रीतु राज,** जिला विपणन अधिकारी

### बारिश का खतरा मंडरा रहा फसल कटाई पर

बिगड़ते मौसम और पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हुई बारिश से जिले की फसल प्रभावित होने के कारण किसानों को फसल के नुकसान का भी भय सता रहा था और अब चूंकि लगातार मौसम में बदलाव आ रहा है उससे किसानों को फसल की कटाई के दौरान बेमौसम बारिश का भय सता रहा है। उनकी मानें तो दिवाली के बाद फसल की कटाई शुरु हुई है और मौसम में जिस तरह से बदलाव आया है उससे इस बात की आशंका है कि कहीं कटाई के दौरान ही बारिश हो गई तो खेत में कटी फसल को नुकसान होगा। इसके पहले किसान अधिक बारिश से फसल के नुकसान को झेल चुके है। हालांकि बारिश लंबी नहीं चलने के कारण आंशिक नुकसान ही झेलना पड़ा है।

### सभी उपार्जन केंद्रों में बनाए गए हैं चबुतरे



जिले में सभी 41 सहकारी समिति व 24 उपार्जन केंद्र में चबुतरों का निर्माण कर दिया गया है। ताकि खरीदी के दौरान धान के बोरों को सीधे जमीन में न रखा जाये। सभी समितियों में डीएमएफ की राशि से तथा शासकीय मद से चबुतरों का निर्माण किया गया है। चबुतरा निर्माण के अलावा 15 उपार्जन केंद्रों में डीएमएफ से ही गोदाम बनाने की भी स्वीकृति दी गई है।

### 3 लाख की ऑनलाइन ठगी, अपराध दर्ज

**कोरबा।** एक व्यक्ति के डेबिट क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन 3 लाख 12 हजार रुपए ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर बांकीमोंगरा पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर निवासी बक्शी बिलाल अहमद अंसारी उम्र 59 वर्ष पिता मो. उसमान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका एचडीएफसी बैंक जमनीपाली में खाता संचालित खाता से संबंधित डेबिट तथा क्रेडिट कार्ड भी प्रदान किया गया है। क्रेडिट कार्ड को बक्शी बिलाल के द्वारा एक्टीवेट नहीं किया गया है। बावजूद इसके 7 जुलाई को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके खाते से लगभग 3 लाख 12 हजार रुपए का आहरण कर लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### नहीं हो रहा कचरा का उठाव

**कोरबा।** सिंचाई कालोनी दर्री इतवारी बाजार के पास कचरों का अंबार लगा हुआ है। महीनेभर हो गया है लेकिन कचरा का उठाव नहीं होने से कचरे की गंध से आसपास के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# जन्म के पहले अर्जन के मामले में भूविस्थापितों की जीत
## सुप्रीम कोर्ट ने एसईसीएल की याचिका की खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने भूविस्थापित के सेवा कानूनों एवं अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित याचिका की सुनवाई के दौरान भूविस्थापितों के पक्ष में फैसला सुनाया था जिसके खिलाफ एसईसीएल प्रबंधन ने सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर किया था जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद इसे भूविस्थापितों के अधिकारों की लड़ाई में एक ऐतिहासिक जीत बताया है। दरअसल एसईसीएल प्रबंधन द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। पूर्व में उच्च न्यायालय ने भू-विस्थापित राहुल जायसवाल के पक्ष में फैसला सुनाया था, जो सेवा कानूनों और अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित था। एसईसीएल प्रबंधन ने उच्च न्यायालय के इस जन-हितैषी फैसले के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री जे.के. माहेश्वरी और न्यायाधीश श्री विजय बिश्नोई की खंडपीठ ने एसईसीएल के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद उनकी याचिका में कोई मेरिट नहीं पाया और मामला खारिज कर दिया। यह केवल एक व्यक्ति की जीत नहीं है बल्कि यह ऊर्जाधानी के उन सभी भू-विस्थापित किसानों और उनके परिवारों की जीत है, जो वर्षों से एसईसीएल प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ अपने वैध अधिकारों नौकरी और अनुकंपा नियुक्ति के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### अधेड़ की संदिग्ध मौत

**कोरबा।** एक 45 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति के पेट में दर्द होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत पटेलपारा की है। यहां निवासरत लक्ष्मण पटेल 45 वर्ष पिता होरीलाल पटेल के पेट में अचानक दर्द उठने पर उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान लक्ष्मण पटेल की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पुलिस की टीम ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## फसल बचाने गौठान में रखे गए थे आवारा मवेशी

# गौठान में चारे पानी का संकट, हो रही मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चैतमा के गौठान में फसल बचाने के लिए रखे गए आवारा मवेशियों के लिए चारा पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण मौत होने की घटना सामने आयी है। ग्राम पंचायत के सरपंच ने भी मवेशियों के मौत की पुष्टि की है। किंतु अब तक विभाग स्तर पर मवेशियों के मौत को लेकर तथा गौठान में रखे गए मवेशियों के चारा पानी की व्यस्था के लिए कोई प्रबंध नहीं किया गया है। बताया जाता है कि रोज एक दो मवेशियों की मौत हो जाती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत में घुमंतू आवारा पशुओं के संरक्षण एवं सुरक्षित व्यवस्था करने का निर्देश जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत को दिया गया था। जिसके तहत ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव द्वारा गौठान में मवेशियों को रखने की व्यवस्था की गई। जिसके बाद क्षेत्र में घूमने वाले आवारा मवेशियों को गौठान में रखा गया जिससे कुछ हद तक किसानों की फसल बच गई लेकिन चारा और पानी की कमी के कारण मवेशियों की मौत होने लगी।

मवेशियों के मौत का अधिकृत कारण क्या है यह पीएम से ही पता चलेगा किंतु पशु विभाग को इसकी सूचना भी नहीं दी गई। परिणाम स्वरुप मृत मवेशियों का पीएम नहीं हो पाया है। इतना ही नहीं मृत मवेशियों को गौठान के बाहर फेंक दिया गया। जिससे होने वाले दुर्गंध से ग्रामवासी परेशान है।





### अभी भी है गौठान में 3 सौ मवेशी

इस संबंध में चैतमा गौठान में पशुओं की देखरेख के लिए रखे गए सुधा लाल सिंह, अर्जुन लाल, पवन कुमार, रामकुमार, बृजभान सिंह से पूछने पर उन्होंने बताया की शुरू में 4सौ से 5 सौ के करीब घुमंतू एवं आवारा पशुओं को गौठान में लाया गया था जिसकी देखरेख हम लोग करते थे। कुछ मवेशी भाग गए, अब तक तीन दर्जन के करीब मवेशियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा दो-चार मवेशियों की मौत रोज हो रही है। मौत कैसे हो रही है इसकी जानकारी हम लोगों को नहीं है। सचिव शांति दास मानिकपुरी को तीन चार बार फोन करने पर भी उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया जिससे उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

### 20 मवेशियों की हो चुकी है मौत

गौठान में लगभग 5 सौ मवेशी लाए थे। जिसमें से 15 से 20 की मौत हो चुकी है कुछ भाग गए हैं वर्तमान में ढाई से 3 सौ के करीब मवेशी गौठान में अभी हैं।

-राजलाल सिंह, सरपंच चैतमा






# 30 साल बाद फिर सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'रंगीला'

**मुंबई।** आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ स्टारर सुपरहिट फिल्म 'रंगीला' एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अपनी रिलीज के ठीक 30 साल बाद रंगीला सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। इस बार दर्शक इस फिल्म को नए 4के एचडी रीस्टोर्ड वर्जन में देखे सकेंगे। रामगोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित रंगीला 28 नवंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी। रंगीला साल 1995 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। एआर रहमान के संगीत से सजी इस फिल्म में शहरी महत्वाकांक्षाओं और सपनों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी उस वक्त काफी पसंद की गई थी और रंगीला बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी।



लाइफ Style

# सोनम

## बॉलीवुड डेब्यू के लिए बेलने पड़े खूब पापड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सोनम बाजवा पंजाबी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। इन दिनों उन्हें फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' में देखा जा रहा है। पंजाबी इंडस्ट्री में अच्छा-खासा काम कर चुकीं सोनम को बॉलीवुड में आने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। इस बारे में बात कर उनका दर्द छलक आया।

अभिनेत्री सोनम बाजवा ने दावा किया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में उनके काम के बारे में पता नहीं था। बॉलीवुड के लोगों को वे सिर्फ सिनेमा के लिए एक ग्लैमरस फेस लगीं। एक इंटरव्यू में सोनम ने बताया कि पंजाबी सिनेमा में अलग-अलग तरह की फिल्में करने के बावजूद हिंदी फिल्ममेकर्स को उन्हें उनकी ग्लैमरस इमेज से हटकर देखना मुश्किल लगता था। इसके चलते सोनम को बॉलीवुड डेब्यू से पहले लंबा इंतजार करना पड़ा। सोनम बाजवा ने कहा, 'मैंने इतने वर्षों तक इंतजार किया, ताकि मुझे एक ऐसी हिंदी फिल्म मिले, जिसमें मेरे पास कुछ करने को हो। एक एक्टर के तौर पर भी, न कि सिर्फ इसलिए कि मैं अच्छी दिखती हूं या ग्लैमरस हूं। जब भी मेरे पास ऑफर आते थे, तो हमेशा ऐसा लगता था कि हिंदी सिनेमा में लोगों ने मेरा पंजाबी काम सच में देखा ही नहीं है। इसलिए, उनके लिए मुझे एक नॉन-ग्लैमरस रोल में सोचना भी मुश्किल था'। सोनम बाजवा ने बॉलीवुड फिल्ममेकर्स के बीच लगातार हो रही टाइपकास्टिंग पर नाराजगी जताई, जिससे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें परफॉर्मेंस वाले रोल मिलने के मौके कम हो गए हैं।

हॉलीवुड मसाला




# नए लुक में 22 साल के दिख रहे

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इन दिनों अपने लुक से चर्चा बटोर रहे हैं। वो सैन डिएगो में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ थे। वो डिजॉन के गानों पर झूम रहे थे। उनके क्लीन शेव लुक पर फैंस मर मिटे हैं। फैंस कह रहे हैं कि वो 22 साल के जवान लग रहे हैं। पॉप आइकन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा है। वो सैन डिएगो में डिजॉन के कॉन्सर्ट में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ झूम रहे थे। उनके नए लुक से फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।



# ए क्रिसमस केरोल से की कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने कॅरियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया।



# शाहरुख से मिलना चाहते हैं एनरिक

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस 21 साल बाद मुंबई में वापसी कर रहे हैं। वह 29 और 30 अक्तूबर को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड्स में कॉन्सर्ट करेंगे। यह वही जगह है जहां उन्होंने 2004 में आखिरी बार प्रदर्शन किया था। उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनरिक, जो बॉलीवुड के बड़े प्रशंसक हैं, इस दौरान शाहरुख खान, गौरी खान और उनके बच्चों-आर्यन, सुहाना और अबराम से मिलने की योजना बना रहे हैं। यह उनकी तीसरी भारत यात्रा है। वे मुंबई की संस्कृति और आध्यात्मिकता को करीब से जानना चाहते हैं। इसके लिए वे कोलाबा कॉजवे, सिद्धिविनायक मंदिर और गांधी संग्रहालय भी जाएंगे। पहले शो के टिकट कुछ ही घंटों में बिक गए हैं, जिसके बाद दूसरा शो भी जोड़ा गया।



# पूरी फीस कैंसर पीड़ित बच्चों को किया दान

**मुंबई।** विवेक ओबेरॉय इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जिनमें नमित मल्होत्रा की 'रामायण', प्रभास के साथ 'स्पिरिट' और फिल्म 'मस्ती 4' शामिल है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' में विवेक रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाएंगे। विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने निर्माता नमित मल्होत्रा से कहा कि मुझे विभीषण की भूमिका के लिए एक पैसा नहीं चाहिए। पूरी फीस मैं कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए दान करूंगा। मुझे उनका काम पसंद है और यह फिल्म भारतीय सिनेमा को दुनिया में चमकाएगी। पहली भाग की एडिटिंग पूरी हो गई। शूटिंग जून 2025 में खत्म हुई। अब वीएफएक्स पर 300 दिन काम होगा। पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है।' विवेक ने फिल्म को लेकर आगे कहा, ''रामायण' एक ऐतिहासिक फिल्म है।

टीवी मसाला



# बाहर आते ही बसीर ने तान्या के गेम को किया एक्सपोज

**नई दिल्ली।** बसीर अली ने शो से बाहर आते ही चुप्पी तोड़ दी है। बाहर निकलते ही उन्होंने एक बातचीत में कई चौंकाने वाले बयान दिए और शो की सच्चाई सामने रखी। उनका कहना है कि घर के अंदर सब कुछ उतना रियल नहीं था, जितना दिखाया गया। एविक्शन पर बात करते हुए बसीर कहते हैं कि वह खुद भी इस नतीजे से शॉक में थे। 'मुझे अब तक यकीन नहीं होता कि मैं एविक्ट हो गया। मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस ने मुझे कम वोट दिए। मैंने हमेशा ऑडियंस के लिए सच्चाई से खेला। लेकिन, कई बार रियलिटी शो में रियलिटी पीछे रह जाती है और नैरेटिव जीत जाता है। शायद मेरे साथ भी वही हुआ। मेकर्स का फैसला था। उनके निर्णय को कोई मना नहीं कर सकता, लेकिन दिल में सवाल जरूर हैं। तान्या के गेम पर खुलकर बोलते हुए बसीर ने कहा, 'तान्या बहुत चालाक खिलाड़ी है। वो हर पल सोचती है कि क्या बोलना है, कब रोना है, कब भावुक होना है। उसकी हर हरकत कैमरे के लिए होती है। वो चाहती है कि लोग उसे स्ट्रॉन्ग और इमोशनल समझें, लेकिन असल में वो वैसी नहीं है। घर के अंदर वो ड्रामा करती है, ताकि लोगों को उसकी सहानुभूति मिले। सच्चाई ये है कि तान्या सबसे बड़ी फेक इंसान है। वो अच्छी परफॉर्मर है, लेकिन ईमानदार नहीं। तान्या घर की सबसे बड़ी मैनिपुलेटर है।'बसीर कहते हैं कि आज की दुनिया में सच्चाई को कमजोरी समझा जाता है। 'मुझे हमेशा कहा गया कि थोड़ा डिप्लोमैटिक बनो, लेकिन मैं वैसा नहीं हूं। मैंने जो महसूस किया, वही कहा।

## फिर आया अभिरा -अरमान की जिंदगी में तूफान

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'में एक लंबे वक्त के बाद अभिरा और अरमान की जिंदगी में मुश्किलों का दौर खत्म हुआ। लेकिन ,अचानक एक बड़ा तूफान इनकी जिंदगी में आ गया है।



एक फेक एआई वीडियो अभिरा और अरमान का वायरल हो रहा है। अभिरा और अरमान के परिवार को एक अश्लील वायरल वीडियो के बारे में पता चलता है। इस वजह से परिवार में हंगामा हो जाता है। इस बात से अरमान और अभिरा भी परेशान हैं। अरमान को समझ नहीं आ रहा है ये क्या हो रहा है? लेकिन अभिरा जल्द ही समझ जाती है कि यह फेक एआई वीडियो है। अरमान इस वीडियो को इंटरनेट से हटाने की कोशिश में लगा है। अरमान और अभिरा का फेक एआई वीडियो बनाने के पीछे कुछ लड़कों का हाथ है। दरअसल, कुछ दिन पहले अरमान और अभिरा डेट पर गए थे। जहां कुछ बिगड़ैल लड़कों से उनकी तू-तू, मैं-मैं होती है।



# नीसा और ओरी ने रीक्रिएट किया 29 साल पुराना फोटोशूट

**मुंबई।** सिनेमा की दुनिया में रिक्रिएशन बड़ी शै है। पुराने गाने रिक्रिएट होते हैं। फिल्मों में सीन रिक्रिएट होते हैं। अब रिक्रिएशन का नया प्रयोग हाल ही में नीसा देवगन और ओरी ने किया है। नीसा ने ओरी के साथ मिलकर अपनी मां काजोल के करीब 29 साल पुराने बोल्ड फोटोशूट को रिक्रिएट किया है। जिन्हें नहीं मालूम उन्हें बता दें कि साल 1996 में काजोल और दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने एक मैगजीन के लिए बेहद बोल्ड फोटोशूट कराया था। इस पर जमकर बवाल हुआ था। उसी फोटोशूट को अब ओरी और नीसा ने रिक्रिएट किया है। ओरी और नीसा ने यह फोटोशूट हैलोवीन से पहले मजाकिया अंदाज में कराया है। नीसा जहां काजोल की जगह पोज देती दिख रही हैं, वहीं ओरी ने दिग्गज एक्ट्रेस रेखा की जगह पोज दिए हैं। ओरी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से रिक्रिएशन की वीडियो भी शेयर की है। ओरी कहते दिख रहे हैं, 'हम अपने पसंदीदा लोगों से इंस्पायर्ड एक मजेदार हैलोवीन शूट कर रहे हैं। नीसा ने जवाब दिया, 'मेरी पसंदीदा मेरी मां (काजोल) हैं'। वहीं, ओरी ने कहा, 'और मेरी पसंदीदा हैं द मदर (रेखा)'। नीसा और ओरी ने वह पोज भी दिया है, जिस पर सबसे ज्यादा हंगामा मचा था। दरअसल, मैगजीन के लिए कराए गए फोटोशूट में रेखा और काजोल ने काफी बोल्ड पोज देकर तहलका मचा दिया था। दोनों के एक पोज पर तो इतना हंगामा मचा कि दोनों के खिलाफ भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ के आरोप लगे। व्हाइट कलर के एक ही स्वेटर में दोनों अदाकाराओं ने पोज दिए थे।

# लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना : यामी गौतम



**मुंबई।** शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, 'हक' के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाह बानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर 'राष्ट्रवादी' कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया। राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, 'लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना।' उन्होंने कहा, 'ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।' यामी गौतम ने बताया कि फिल्म 'हक' उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था। यामी ने कहा, 'यह विषय सार्वजनिक जीवन में रहा है। मैं हमेशा सोचती हूं कि शाजिया जैसी महिला को किस तरह की ताकत और साहस की जरूरत रही होगी। अगर मुझे ऐसी महिलाओं की कहानी कहने के मौके मिलते हैं, तो मैं जरूर कहूंगी।'

## रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा

# ओटीटी पर इस हफ्ते दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मनोरंजन का जबरदस्त धमाका होने जा रहा है। अलग-अलग शैलियों की कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जिनमें रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और एप्पल टीवी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों को इस हफ्ते भरपूर कंटेंट मिलने वाला है।*



**कांतारा चैप्टर 1 :** कन्नड़ फिल्म 'कांतारा'ने पिछले साल सिनेमा जगत में नई पहचान बनाई थी और अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने जा रहा है। निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी इस फिल्म में दो अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं। कहानी पुराने कालखंड में स्थापित है, जहां 'बूता कोला' परंपरा की जड़ों को दिखाया गया है। इस फिल्म में जयाराम, रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म 31 अक्टूबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।



**लोका चैप्टर 1 :** निर्देशक डॉमिनिक अरुण की मलयालम फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। कहानी एक रहस्यमयी महिला 'चंद्रा' की है, जो स्वीडन से भारत लौटती है और बेंगलुरु में हो रहे मानव तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई छेड़ देती है। महिला सुपरहीरो पर आधारित यह फिल्म मलयालम सिनेमा में एक नया अध्याय खोलती है। फिल्म 31 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।




**इट: वेलकम टू डेरी :** दुनियाभर में मशहूर हॉरर कहानी 'इट'की नई किस्त 'इट: वेलकम टू डेरी' 27 अक्टूबर से जियोहॉटस्टार पर देखने को मिल रही है। यह कहानी 1962 के दशक के उस शहर की है, जहां एक बार फिर जोकर 'पेनीवाइज' का खौफ लौट आता है। डर और रहस्य से भरी इस सीरीज में दर्शकों को पुराने समय की पृष्ठभूमि के साथ हॉरर का गहरा अनुभव मिलेगा।

**हेड्डा :** अमेजन प्राइम वीडियो पर 'हेड्डा' नाम की एक दमदार ड्रामा फिल्म 29 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो सामाजिक बंधनों और निजी इच्छाओं के बीच संघर्ष करती है। इसमें कलाकारों का अभिनय और गहराई से लिखा गया डायलॉग फिल्म को खास बनाता है।

**डाउन सिमेट्री रोड :** ब्रिटिश रहस्य और अपराध पर आधारित सीरीज 'डाउन सिमेट्री रोड' 29 अक्टूबर को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में दो महिलाएं एक लापता लड़की की तलाश में निकलती हैं और इस खोज के दौरान एक बड़े रहस्य से पर्दा उठता है।

**द विचर सीजन 4 :** लोकप्रिय फैंटेसी सीरीज 'द विचर'का चौथा सीजन 30 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगा। इस बार मुख्य किरदार 'गेराल्ट' के रूप में नया चेहरा नजर आएगा। कहानी में युद्धग्रस्त दुनिया, जादू और राजनीतिक साजिशों के बीच येनिफर और सिरी की जुदाई इस सीजन का मुख्य केंद्र है।

## खबर संक्षेप

### भारत विद्या मंदिर मल्दा के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**बिर्रा।** विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत भारत विद्या मंदिर मल्दा के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान डोंगरगढ़, मैत्री बाग भिलाई, राजीम, चंपारण, जतमई, घटारानी, बागबाहरा, खल्लारी आदि विभिन्न देव स्थल एवं दर्शनीय स्थलों का भारत विद्या मंदिर मल्दा के संचालक दुर्गेश कुमार कश्यप के नेतृत्व में दर्शन कराया गया है। विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत भारत विद्या मंदिर मल्दा के संचालक दुर्गेश कुमार कश्यप के नेतृत्व में अध्यनरत बच्चों को पूरा स्कूल स्टाफ के साथ शैक्षणिक भ्रमण स्थल - डोंगरगढ़, मैत्रीबाग भिलाई, राजिम, चम्पारण, जतमई, घटारानी, बागबाहरा, खल्लारी आदि का 26 और 27 अक्टूबर को दर्शन कराया गया है। विभिन्न दर्शनी एवं देव स्थल का दर्शन करके भारत विद्या मंदिर मल्दा में पढ़ने वाले बच्चों के चेहरे पर मुस्कान झलक उठे। मनोरम दृश्य को देखकर बच्चे खुशी के मारे गदगद हो गए। इस अवसर पर भारत विद्या मंदिर मल्दा के संचालक - दुर्गेश कुमार कश्यप, प्रधानपाठक - रामअवतार कश्यप, स्टाफ - संतोष कश्यप , भानु कश्यप, आनंद कश्यप ,अजय कश्यप ,सीताराम यादव, श्रीमती मीनाक्षी कश्यप, नंदनी कश्यप ,राजेश्वरी कश्यप, दीप्ति कश्यप आदि के अलावा बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### समावेशी शिक्षा अंतर्गत 52 दिव्यांग बच्चों ने कराया अपना पंजीयन



**चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं बीईओ रत्ना थवाईत के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों का ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन बीआरसी भवन में किया गया। बीआरसी हिरेन्द्र बेहार ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में ब्लॉक के 52 बच्चों ने अपना पंजीयन कराया( जिसमे 14 बच्चों का कुशलतापूर्वक परीक्षण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया एवं 23 बच्चों को चेक अप करने के बाद जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। बीआरपी शशिबाला एवं स्पेशल एजुकेटर मालती पटेल के देखरेख में जिला चिकित्सालय जांजगीर के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ प्रफुल्ल चौहान ,एम डी डॉ लोकेंद्र कश्यप ,डॉ विजेंद्र गभेल , साइकोलॉजिस्ट भोगेन्द्र डडसेना ,अनामिका अलकारा आइडियोलॉजिस्ट, डॉ किरण पटेल ऑप्टोमेट्रिस्ट की टीम ने दिव्यांग बच्चों का कुशलतापूर्वक परीक्षण किया और दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया वही। सुशील शर्मा , उपेंद्र गोस्वामी , डी नारायण राठिया , राजेश कश्यप , योगेश सोनी , अर्चना गोस्वामी , रिमझिम रात्रे ,गौरीशंकर , रज्जू भैना उपस्थित थे।


### गोष्टमी पर सुरक्षा फाउंडेंशन द्वारा गौ माता को बांधी गई रेडियम पट्टी



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के सदस्यों के द्रारा 29 अक्टूबर को गोष्टमी के पावन अवसर पर गौ माता की रक्षा हेतु उन्हें रेडियम पट्टी बांधी गई रेलवे स्टेशन रोड नाका चौक के पास सभी सदस्य एकत्रित हुए एवं सभी ने गौ माता को पहले पूजा करप्रसाद खिलाया रोड पर बैठी गायो को रेडीयम पटी बाधी गई फाउंडेशन सदस्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल, अध्यक्ष राम नरेश यादव ,प्रदेश उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र, कोषाध्यक्ष विजय मित्तल,सहसचिव नितिन सोनी, प्रवक्ता राजीव लोचन ठाकुर, प्रदेशसचिव दीपक गुप्ता,महासचिव गोविन्द देवागन, सहसचिव राजासोनी,पुरुषोत्तम खूंटे ,देव आशीष ,ऊकार यादव, लखन नामदेव, मनोहर खुटे ,आदि पदाधिकारी उपस्थित थे

## निधन

### विष्णु प्रसाद पटेल



**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत डोंगाकोहारौद से प्रतिष्ठित नागरिक विष्णु प्रसाद पटेल का 81 वर्ष की आयु में 28 अक्टूबर को को निधन हो गया है वे अपने पीछे पांच पुत्र विद्यासागर पटेल , रामावतार पटेल रामचंद्र पटेल धनसाय पटेल मानसाय पटेल एवं एक पुत्री श्रीमती सरोजनी पटेल सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गए उनकी अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया जिसमें स्वजाति बंधु एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में सामिल हुए थे

### ननकीनोनी गोड़



**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह उर्फ़ भदरीपाली के प्रतिष्ठित नागरिक रतन सिंह गोड़ का धर्मपत्नी श्रीमती ननकी नोनी गोड़ का मंगलवार 28 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुई। इस मौके पर अंचल के गणमान्य नागरिक व स्वजातीय बंधुओ व स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

### बैठक व्यवस्था, पार्किंग, प्रवेश द्वार व कार्यक्रम मंच को लेकर ली जानकारी

# राज्योत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित होने वाले राज्योत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस बीच सांस्कृतिक मंच, प्रवेश द्वार, पार्किंग एवं सुरक्षा को लेकर अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। राज्योत्सव के अवसर पर जिले में 02 से 4 नवम्बर 2025 तक हाई स्कूल मैदान जांजगीर में तीन दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिले में आयोजित राज्योत्सव के मुख्य अतिथि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार 29 अक्टूबर को कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने शासकीय हाई स्कूल मैदान में कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर ने विभागों को सौंपे गए दायित्वो का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने कहा।



राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर व एसपी।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में किए गए 25 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित उल्लेखनीय कार्यों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए, ताकि आमजन तक योजनाओं की जानकारी बेहतर ढंग से पहुंच सके। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, प्रवेश द्वार, सुरक्षा तथा अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### राज्य स्थापना दिवस को लेकर कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों को सौंपे दायित्व



**सक्ती।** राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। राज्योत्सव के अवसर पर राजधानी रायपुर सहित जिलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए मुख्य अतिथि तय किए गए हैं। राज्य स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन 1 से 5 नवम्बर तक पांच दिवसीय और जिला स्तरीय राज्योत्सव 2 से 4 नवम्बर तक तीन दिवसीय होगा। राज्योत्सव के मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े होंगी। जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय सक्ती में कलेक्ट्रेट के समीप स्थित मैदान में किया जाना है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने राज्योत्सव की सम्पूर्ण तैयारियों के लिए अपर कलेक्टर बालेश्वर राम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। राज्योत्सव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी जिला सक्ती को दायित्व सौंपने के साथ ही मंच निर्माण, साज-सज्जा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाईट, माइक, पेयजल, साफ-सफाई, फायर ब्रिगेड, प्राथमिक चिकित्सा उपचार आदि व्यवस्थाओं एवं सभी आवश्यक तैयारियों के लिए विभिन्न विभागों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं। राज्योत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा 25 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी-स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

---

# अधिकारी-कर्मचारी व पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी लागू करने की मांग

### सीएम के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



कर्मचारी अधिकारी एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के माध्यम से मामलों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि प्रांतीय निकाय के आव्हान पर प्रदेश के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बुधवार 29 अक्टूबर को जिला प्रशासन ए.डी.एम. बीरेन्द्र लकड़ा सक्ती को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सोंपा गया। जिसमें कर्मचारियों तथा पेंशनरों के लिए केन्द्रिय कर्मचारियों की भांति देय तिथि से महंगाई भत्ता, तथा पेंशनरों को महंगाई राहत दिया जाए तथा डी.ए. एरियर्स की राशि जी.पी.एफ. खाते में समायोजित किया जावे। 300 दिन का अवकाश नगदीकरण, शिक्षक व लिपिक सहित विभिन्न संवर्गो के वेतन विसंगति दूर करने, प्रदेश के सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर किया जाए। उत्तर प्रदेश की भांति अधिकारी कर्मचारियों व पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा एवं बोनस दिया जाए, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जावे, अनुकम्पा नियुक्ति की 10 प्रतिशत सिलिंग समाप्त करते हुए अनुकम्पा नियुक्ति के सभी पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति दिया जाए। सभी संवर्गों के अधिकारी-कर्मचारियों की सेवा काल में 4 स्तरीय वेतनमान संबंधी आदेश शीघ्र जारी की मांग को लेकर जिला अध्यक्ष राधेलाल भारद्वाज, प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, संरक्षक विजय बहादुर सिंह, संरक्षक खगेश कुमार पटेल, जिला संयोजक अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स भोलाशंकर तिवारी, प्रदेश संगठन सचिव राधेश्याम साहू, प्रदेश सचिव विकास चौबे, अशोक कुमार राठौर तहसील अध्यक्ष सक्ती, धर्मेन्द्र सिंह राय तहसील अध्यक्ष जैजैपुर, गजेन्द्र कुमार राठौर, संतोष दास महंत, मनोज कुमार राठौर, रमेश देवांगन, जयकिशन उरांव, श्यामकुमार सोने, निखिल कुमार खुंटे, अशोक चौहान, यशवंत चौधरी, सुनील कुमार मिश्रा आदि साथी उपस्थित रहे।

---

## कुंवर भुवन भास्कर स्कूल में वरिष्ठ नागरिक मंच के द्वारा मनाया गया दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

कुंवर भुवन भास्कर सिंह बालक पूर्व माध्यमिक शाला परिसर स्थित कार्यालय भवन में वरिष्ठ नागरिक मंच के द्वारा दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती पूजन व पुलिस नागरिक मंच के अध्यक्ष रमेन्द्र सिंह चौहान द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। मंच के सदस्य दशरथ नामदेव ने अपनी कविता के माध्यम से शुभकामनाएं दी गई।

बजरंग लाल जायसवाल द्वारा मुम्बई में आयोजित मैराथन दौड़ में भाग लेकर मंच का नाम रोशन करने पर उन्हें पुष्प गुच्छ, फूलमाला व श्रीफल शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। अक्टूबर माह में वरिष्ठ सदस्य धनाराम साहु के जन्मदिन के अवसर पर फूलमाला व श्री फल से सम्मानित किया गया। संतराम साहु ने हारमोनियम के साथ भजन गायन कर वातावरण को रसमय बनाया। महेश सिंह बनाफर ने फिल्मी गीत सुनाकर मनोरंजन किया साथ ही वीरेंद्र जैन ने छत्तीसगढ़ी गीत सुनाकर सदस्यों का मनोरंजन किया गया। कैरम ,




दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित वरिष्ठजन।

शतरंज व सांप सीढ़ी खेलके पश्चात स्वल्पाहार के साथ उल्लासमय कार्यक्रम का समापन हुआ। विजय केडिया एवं आरसीमिश्र द्वारा दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ सभी सदस्यों को दी गई। कार्यक्रम में रामेन्द्र सिंह चौहान, आर सी मिश्रा, विजय केडिया, बजरंग लाल जायसवाल, दशरथ नामदेव, ठाकुर राम देवांगन, डा जी पी दीक्षित, धनाराम साहु, महेश सिंह बनाफर, संतराम साहु, भरत सिंह चंदेल, धारी सिंह, रामाधीन यादव, वीरेंद्र जैन, जयकुमार अग्रवाल, गजेंद्र नाथ सोनी, दरसराम यादव सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

### श्री राम नाम जप सप्ताह यज्ञ आज से


**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा में यज्ञ समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित 155 वर्षों से लगातार श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का आयोजन आज 30 अक्टूबर दिन गुरुवार को शुभारंभ किया जाएगा। श्री राम नाम सप्ताह यज्ञ में 30 अक्टूबर दिन गुरुवार की सुबह समस्त ग्रामवासियों द्वारा किर्तन भजन कर राम सीता और लक्ष्मण की प्रतीमा को यज्ञस्थल लाया जाएगा। तत्पश्चात देव आह्वान ,वेदी पूजन कर, जय जयकारे के साथ किर्तन मंडलियों द्वारा सीताराम सीताराम राधेश्याम राधेश्याम का भजन के साथ शुभारंभ होगा। समिति द्वारा सभी किर्तन मंडलियों के सम्मान स्वरूप नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा। प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 6 नवंबर दिन गुरुवार को यज्ञ हवन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा और ब्राह्मण भोजन के साथ श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का समापन किया जाएगा।

## मानिकपुरी पनिका समाज के बालादास अध्यक्ष, संतोष बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मानिकपुरी पनिका समाज की बैठक नवागढ़ ब्लाक में आयोजित की गई। समाज की बैठक के माध्यम से बालादास को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है तो तो संतोष दास महंत को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

ज्ञात हो कि मानिकपुरी पनिका समाज की बैठक संपन्न हुई। जिसमें ब्लॉक नवागढ़ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष बाला दास महंत उपाध्यक्ष संतोष दास महंत सचिव, सुरेश दास महंत सह सचिव संदीप दास महंत कोषाध्यक्ष शीतेष दास महंत संरक्षक लीला दास महंत, जीवरखानदास महंत संयोजक, रुपेश दास महंत संचालक पुनी दास महंत का भावपूर्ण कबीर साहेब के समक्ष शपथ ग्रहण का कार्यक्रम उपस्थित महंत दीवान एवं आए हुए मुख्य अतिथि शत्रुघ्न दास महंत अध्यक्ष ऑटो राज



मानिकपुरी पनिका समाज के लोग।

कबीर मंदिर ट्रस्ट समिति शिवरीनारायण संरक्षक अमीर दास महंत उपाध्यक्ष, साहेब दास महंत कोषाध्यक्ष, चेतन दास मानिकपुरी सचिव, फिरन दास महंत, विशिष्ट अतिथि गुलाब दास महंत, बालचंद महंत कांतिदास महंत, चंद्र मोहन महंत एवं नवागढ़ ब्लाक इकाई के समस्त मानिकपुरी पनिका समाज के स्वजाति बंधुओ के समक्ष सभी नवागढ़ ब्लाक के पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कुछ लोग अपना विरोध किया लेकिन शांति पूर्वक शपथ ग्रहण समारोह किया गया। इधर समाज के पदाधिकारी बनने के बाद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सचिव सहित अन्य लोगों ने बताया कि समाज के द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गई है, उसका पालन करेंगे। साथ ही साथ , विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

## मुक्ताराजा में गढ़ फतेह कर सागर बने चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

परंपरा, जोश और रोमांच से भरे माहौल में बाराद्वार के मुक्ताराजा मैदान में सोमवार को गढ़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे 30 प्रतिभागियों ने अपनी ताकत और साहस का प्रदर्शन करते हुए गढ़ फतह करने का प्रयास किया।तीसरे प्रयास में सागर बंसल ने गढ़ को फतेह कर सभी का दिल जीत लिया।

इस अवसर पर गढ़ प्रतियोगिता के विजेता सागर बंसल को 5300 नगद राशि, एक साइकिल, ट्रॉफी एवं कपड़ा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा,



नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, पार्षदगण ओमप्रकाश कुर्रे, अजय सिंह राजपूत, भारत बरेठ, अनिल यादव, पवन अग्रवाल, अमित बरेठ सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन सावन गुजराल ने किया। अतिथियों ने विजेता को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी पारंपरिक प्रतियोगिताएं न केवल ग्रामीण खेल संस्कृति को जीवित रखती हैं, बल्कि युवाओं में ऊर्जा, साहस और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करती हैं।

## भीम चरित्र मानस गायन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

सूर्यवंशी समाज लछनपुर सतगंवा परिक्षेत्र एवं सूर्यवंशी समाज खम्हिया के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम खम्हिया में प्रथम वर्ष भीम चरित्र मान का भव्य आयोजन बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हो रहा है। यह सात दिवसीय ऐतिहासिक आयोजन 23 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। जिसमें भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, विचार और समाज सुधार कार्यों को संगीत और प्रवचन के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाया गया।

इस अवसर पर भीम चरित्र मानस मंडली द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गईं। जिसमें भूषण लाठिया, पदमन सूर्यवंशी, कीर्ति लाल प्रधान सत्यपाल सूर्यवंशी बांसुरी वादक तथा भारत सूर्यवंशी तबला वादक, हेतराम बनर्जी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में सूर्यवंशी समाज के केंद्रीय पदाधिकारीगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिसमें महासचिव रामकुमार सोनवानी, उपाध्यक्ष जोन क्रमांक 2, संतराम बौद्ध, उपाध्यक्ष जोन क्रमांक 3, पुरुषोत्तम सूर्यवंशी उपाध्यक्ष जोन क्रमांक 4,



जितेन्द्र कुमार झलरिया, महिला संगठन सचिव श्रीमती अंजुला सोनवानी, शिक्षा सचिव सनत कुमार करियारे, कार्यकारिणी सदस्य विजयपाल सूर्यवंशी, उप कोषाध्यक्ष मूलचंद मोंगरे, समाजसेवी राकेश कुमार सूर्यवंशी, कार्तिक राम लाठिया, देवकुमार पारकर शिक्षक, शशिकांत लसार, पंकज कुमार सूर्यवंशी, मुरारी गढ़ेवाल, अनिल प्रधान, ओम प्रकाश करियारे, राकेश लाठिया, महेश कुमार बौद्ध, मनहरण केसर, रतनलाल सरोवर, मनोज सरोवर, बलिराम सूर्यवंशी, बिसाहू राम सूर्यवंशी से. नि. प्राचार्य, लक्ष्मी प्रसाद जोशी, एम. के. कमलाकर, राजमणि बनाफर, डॉ. महावीर विजर्सन,भरत लाल खरसन सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### खबर प्रकाशन में मीडिया की रहती है अहम भूमिका

# प्रेस क्लब ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा का दीपावली मिलन समारोह विगत दिनों विश्रामगृह के नवीन भवन में नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल तथा पालिका में नेता प्रतिपक्ष हरीश पाण्डेय के विशेष आतिथ्य में आयोजित किया गया।

इस मौके पर नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि नगर के मीडिया कर्मियों से उनके पुराने पारिवारिक संबंध रहे है। जब कभी भी उनके या उनके परिवार के सहयोग की मीडिया को आवश्यकता होगी तो वे



दीपावली मिलन समारोह में शामिल पत्रकार।

सदैव तत्पर रहेंगे। पालिका के नेता प्रतिपक्ष हरीश पाण्डेय ने कहा कि वे स्वयं प्रेस क्लब का हिस्सा है इस नाते जब भी क्लब को उनके सहयोग की जरूरत होगी तो वे सदैव अपने योगदान के लिए तैयार रहेंगे। समारोह के अंत में सभी सदस्यों के लिए स्वल्पाहार रखा गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा तथा अंत में आभार प्रदर्शन पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्यता प्रभारी शैलेश कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर राजेश तिवारी, विवेक शर्मा, गौरव गुप्ता, जतिंदर पाल सिंह छाबड़ा, संतोष रात्रे एवं विक्रम तिवारी मौजूद थे।

कालड़ा हॉस्पीटल
KALDA HOSPITAL
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांसप्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
प्लॉस्टिक एवं कॉस्मेटिक विभाग
• जलने के बाद की प्लास्टिक सर्जरी (Contractures)
• दुर्घटना मे कटे अंग तंतु और खून की नसों को जोडना
• कास्मेटिक सर्जरी • स्तनों की सर्जरी (Implant)
• मोटापे का ईलाज (लाइपोसक्शन)
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज • गंजेपन का स्थायी इलाज
• चेहरे के फ्रैक्चर का ईलाज (Maxillofacial Surgery)
• मुँह के कैंसर की प्लास्टिक सर्जरी
• कान बनाना, नाक बनाना, (अविकसित एवं चोट ग्रस्त)
• Hypospadias,Vaginoplasty, गुप्त स्थानों की सर्जरी
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर , उसलापुर , शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 20 फरवरी 2026 (8 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर), माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 12, 100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी 25,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411